सीओ-13033(11)6/2019-का र्मक दिनांक: 01/09/2020

वषय: केआरसीएल की भर्ती के लए समे कत निर्देश।

संदर्भ: 1) इस कार्यालय की पत्र संख्या सीओ-13033/1/2018-का र्मक के दिनांक 16/03/2018 ।

2) इस कार्यालय की पत्र संख्या सीओ-13033/1/2018-का र्मक के दिनांक 29/08/2019 ।

**************

उपरोक्त वषय के संदर्भ में, इस कार्यालय के आं शक संशोधन के दिनांक 16/03/2018 और दिनांक 29/08/2019 की पत्र संख्या: सीओ-13033/1/2018-का र्मक के अनुसार केआरसीएल में उम्मीदवारों की भर्ती नियुक्ति के लए प्राथ मकता/पसंदीका प्रधान क्षेत्र की पात्रता (ए) - (ii) को निम्नानुसार संशो धत कया गया है :-

कोंकण बेल्ट के निवा सयों को वशेष रूप से ग्रुप सी के पदों में नौकरी की सु वधा प्रदान करने के लए केआरसीएल की भर्ती में प्राथ मकता, जो निर्धारित पदों के लए न्यूनतम योग्यता अंकों के तहत प्राप्त करेंगे, उन्हें निम्नानुसार प्राथ मकता दिया जाएगा : -

**1)** भूमीहार उम्मीदवार: केआरसीएल में भर्ती के लए प्रथम प्राथ मकता भूमीहार उम्मीदवारों को दी जाएगी। इस कार्यालय के दिनांक 29.08.2019 की पत्र संख्या सीओ-13033/1/2018-का र्मक के तहत भूमीहार उम्मीदवारों को परिभा षत कया गया है। (पूर्ववर्ती ग्रुप डी पद के लए, केवल भू महार उम्मीदवार आवेदन करने के लए पात्र हैं)।

2) केआर मार्ग पर रोजगार वनिमय पंजीकृत उम्मीदवार : केआरसीएल में भर्ती के लए भूमीहार (जनरल/ओबीसी/एससी/एसटी) के अलावा अन्य भूमीहार को दूसरी प्राथ मकता दी जाएगी, जो महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक के निवासी हैं और केआर मार्ग पर रोजगार वनिमय पंजीकृत उम्मीदवार जो कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन ल मटेड के अ धकार क्षेत्र के भीतर है (महाराष्ट्र के जिल्हे रायगढ़, संधुदुर्ग और रत्ना गरी , गोवा राज्य और कर्नाटक के कारवार, उडुपी और द क्षण कन्नड़ जिलों के अ धकार क्षेत्र में कोंकण रेल मार्ग है।)

**3)** महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक के निवासी: केआरसीएल में भर्ती के लिए तीसरी प्राथमकता भूमीहारों को छोड़कर , महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक राज्यों के निवासीयोंकों दी जाएगी।

नोट : ए) भूमीहार उम्मीदवारों , केआर मार्ग पर रोजगार वनिमय पंजीकृत उम्मीदवार और अन्य भूमीहार उम्मीदवार जो महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक के निवासी हैं उनके भ वष्य की भर्ती के लए अलग से सूची / पैनल तैयार कए जाएंगे ।

बी) उपरोक्त प्राथमकताओं का लाभ उठाने के लए, उम्मीदवार को आवेदन के समय ही अपनी स्थिति घो षत करनी होगी।

केआरसीएल सेवा में भर्ती के लए उम्मीदवारों को उपरोक्त संशो धत प्राथमकता/पसंदीका इस पत्र के साथ जारी होने की तारीख से प्रबल होगी और भ वष्य के सभी अ धसूचनाओं में लागू होगी। यह कसी भी पुराने अ धसूचना के लए लागू नहीं होगी, जिसके लए भर्ती प्र क्रया अब अंतिम रूप से जारी की गई है।

दिनांक 16/3/2018 और 29/08/2019 के वषय पत्र में निहित अन्य निर्देश में कोई बदलाव नहीं होगा ।

उपरोक्त मुद्दे सक्षम प्रा धकारी की स्वीकृति के साथ हैं।

हस्ताक्षरित

**(**के के ठाकूर)

मुख्य कार्मक अ धकारी

**(** कसी भी ववाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ को प्रा धकृत माना जाएगा)

अद्यतन- 31/03/2026

सीओ/13033/1/2018-कार्मिक

दिनांक :29/08/2019

विषय : **के आर सी एल की** भर्ती के लिए समेकित निर्देश ।

उपरोक्त विषय के अनुसरण में दिनांक 16/3/2018 के पत्र संख्या सीओ/13033/1/2018-कार्मिक के अनुसरण में प्रमुख क्षेत्र के अंतर्गत भूमिहार उम्मीदवारों की परिभाषा में आंशिक रूप से संशोधित निम्नानुसार किया गया है ।

| वर्तमान परिभाषा | संशोधित परिभाषा |
|---|---|
| ए-(i) परिभाषा- कोंकण रेलवे परियोजना के लिए जिनकी भूमि अधिग्रहित की गई थी, उसके प्रतिशत का विचार न करते हुए वह व्यक्ति स्वयं या पति / पत्नी, पुत्र, अविवाहित पुत्री, पैतृक पोता , पैतृक अविवाहित पुत्री केवल पात्र हैं। | ए-(i) परिभाषा - कोंकण रेलवे परियोजना के लिए जिनकी भूमि अधिग्रहित की गई थी, उसके प्रतिशत का विचार न करते हुए वह व्यक्ति स्वयं या पति/पत्नी , पुत्र, पुत्री, पोता, पोती केवल पात्र हैं। |

केआरसीएल की सेवा में भर्ती के उद्देश्य से भूमिहारों की उपरोक्त संशोधित परिभाषा का इस पत्र जारी होने की तारीख से भर्ती प्रक्रिया में अंमल किया जाएगा और भविष्य की सभी अधिसूचनाओं में यह लागू होगा । ऐसी कोई पूर्व अधिसूचनाओं के लिए जिसकी भर्ती प्रक्रिया अभी जारी है या भर्ती प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा चुका है, के लिए यह संशोधन लागू नहीं होगा ।

इस विषय में दिनांक 16/3/2018 के पत्र के अन्य निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे ।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है ।

हस्ताक्षरित
(के के ठाकुर)
मुख्य कार्मिक अधिकारी

सीओ-13033/1/2018-कार्मिक

दिनांक: 16/03/2018

**विषय :** के आर सी एल की भर्ती के लिए समेकित अनुदेश।

**संदर्भ:** 1. केआरसीएल की दिनांक 17/08/2012 की भूमिहारों के लिए रोजगार नीति ।

2. दिनांक 12/11/2012 का रेलवे बोर्ड के पत्र सं. ई (एनजी)-II/2012/आरआर -1/14

3. दिनांक 12/08/2009 की अधिसूचना संख्या केआर/सीओ/पी/16/एससीएसटी/भर्ती ।

4. दिनांक 19/08/2008 का पत्र संख्या केआर/सीओ/पी/एलएल/आरएन ।

उपरोक्त संदर्भाधीन पत्रों के अनुसार कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपनी भर्ती नीतियों को अधिसूचित किया है। इन नीतियों को निम्नानुसार समेकित किया गया है।

**योग्यता क्षेत्र**

1. **<u>भूमिहार उम्मीदवार</u>**

**परिभाषा**

कोंकण रेलवे परियोजना के लिए जिसकी भूमि अधिग्रहित की गई है, वह स्वयं उसका/उसकी/पति या पत्नी (पति/पत्नी)/पुत्र/अविवाहित बेटियाँ/पैतृक पोते/पैतृक अविवाहित पोती केवल पात्र है । इसमें भूमि अधिग्रहंण के प्रतिशत के लिए कोई बंधन नहीं है ।

केआरसीएल में विभिन्न ग्रुप-सी और पूर्व ग्रुप-डी पदों की भर्ती के लिए भूमिधारकों को प्रथम प्राथमिकता दी जाती है ।

केआरसीएल की वर्तमान भर्ती निति के अनुसार, उसके परिवार के केवल एक सदस्य को भर्ती किया जाता है । इस प्रयोजन के लिए भूमि मालिक के सभी सर्वे नंबर की कुल भूमि एक अधिग्रहण मानी जाएगी। एक से अधिक नौकरी की अपेक्षा करने वालों के मामले में, पहले आनेवाला को प्रथम प्राथमिकता दी जाती है।

एससी/एसटी भूमिहार उम्मीदवारों को नौकरी में एक अधिग्रहंण के लिए एक नौकरी हेतु प्रतिबंध को शिथिल किया गया है । एससी/एसटी के पात्र भूमिहार उम्मीदवारों के लिए संख्या में कोई सीमा नहीं है। इसलिए एससी/एसटी भूमिहार उम्मीदवारों को आरक्षित पॉइंट के लिए हमेशा विचार किया जाएगा। उनकी मेरिट स्थिति का कोई बंधन नहीं होगा ।

ग्रुप-डी उम्मीदवारों के पदों के लिए पात्रता जोन केवल भूमिहारो के लिए सीमित रखा गया है ।

**ii) भूमिहारो के अलावा उम्मीदवार** -

पूर्व भर्तियों में यह अनुभव किया गया है कि, विशेषतः ग्रुप-सी पदों के एमपैनलमेन्ट के लिए भूमिहार उम्मीदवार उचित संख्या में उपलब्ध नहीं थे, इसलिए पद रिक्त रह गए और इसका असर रेल परिचालन पर होता है ।

इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि पात्र भूमिहार उम्मीदवारों को केआरसीएल की भर्ती में प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। यदि भूमिहार उम्मीदवार उचित न्यूनतम योग्यता अंकों को प्राप्त करते हैं, तो उनको भर्ती के लिए प्राथमिकता दी जाती है । यदि उचित संख्या में भूमिहार उम्मीदवार न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त नहीं करते हैं तो

केआरसीएल मार्ग के महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक राज्यों से अन्य उम्मीदवारों को रिक्त पदों की भर्ती के लिए लिया जाएगा । इस परिस्थिति में एक भूमिहार उम्मीदवार और एक अन्य भूमिहार उम्मीदवार के लिए आरक्षण नियमों के अनुसार दो अलग अलग सूची बनाई जाएगी।

**भर्ती प्रक्रिया**

वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(एस एस ई) के सिवाय सभी ग्रुप सी के लिए, निर्धारित मानकों के अनुसार कंप्यूटर आधारित परीक्षा, दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा के आधार पर भर्ती की जाएगी। वाणिज्यिक सहायक, यात्री सहायक पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा होने के बाद साक्षात्कार और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा । सहायक स्टेशन मास्टर और सहायक लोको पायलट पदों के लिए, कौशल परीक्षा भर्ती प्रक्रिया का एक भाग है ।

**ग्रुप- डी**

कंप्यूटर आधारित परीक्षा, शारीरिक क्षमता परीक्षा, दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा ।

**प्रश्न पैटर्न और परीक्षा की अवधि -**

एस एस ई को छोड़कर अन्य श्रेणीयो की भर्ती कंप्यूटर आधारित परीक्षा के माध्यम से की जाएगी ।

वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (एस एस ई) की भर्ती के लिए अलग प्रक्रिया आदेश जारी किए जाएंगे ।

कनिष्ठ अभियंता के लिए परीक्षा की अवधि दो घंटे होगी, (एम सी क्यू एस) बहुपर्यायी प्रश्न 150 होंगे। कनिष्ठ अभियंता से अन्य परीक्षा की अवधि 90 मिनट और 100 एम सी क्यू एस होंगे ।

**ऋणात्मक अंक** (Negative Marking) : प्रत्येक गलत जवाब के लिए आबंटित अंकों में से 1/3 की कटौती की जाएगी।

**न्यूनतम योग्यता अंक**

सभी ग्रुप सी पद - (यूआर 50%, ओबीसी- एससी/एसटी-40%)

ग्रुप- डी श्रेणी - (यूआर 40%, ओबीसी- एससी/एसटी-30%)

**नोट : न्यूनतम योग्यता अंक ऊपर उल्लिखित किए गए हैं । अपितु यदि अधिक उम्मीदवार न्यूनतम अंक प्राप्त करते हैं तब उस स्थिति में कट ऑफ मार्क्स न्यूनतम अंक से अधिक हो सकते हैं ।**

**शैक्षिक योग्यता**

विभिन्न पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अनुलग्नक- 1 के रूप में संलग्न है ।

sd/-

**मुख्य कार्मिक अधिकारी**

**(किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी** पाठ को **प्राधिकृत माना जाएगा )**

अनुलग्नक- 1

| अनुक्रमांक | श्रेणी का नाम | **छठे सी पी सी में ग्रेड पे** | सातवे सी पी सी **में** पे मैट्रिक्स स्तर | **ओपन मार्किट से भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक लोको पायलट | 1900 | 2 | रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार दसवीं + संबंधित आईटीआई |
| 2 | तकनीशियन | 1900 | 2 | रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार दसवीं + संबंधित आईटीआई |
| 3 | सहायक स्टेशन मास्टर | 4200 | 6 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी शाखा के स्नातक |
| 4 | गुड्स गार्ड | 2800 | 5 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी शाखा के स्नातक |
| 5 | यात्री सहायक | 2000 | 3 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी शाखा के स्नातक |
| 6 | वाणिज्य सहायक | 2000 | 3 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी शाखा के स्नातक |
| 7 | लेखा सहायक | 2800 | 5 | बी कॉम |
| 8 | कार्यालय सहायक | 2800 | 5 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी शाखा के स्नातक |
| 9 | कनिषठ अभियंता | 4200 | 6 | रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार संबंधित डिप्लोमा |
| 10 | वरिष्ठ अनुभाग अभियंता | 4600 | 7 | रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार संबंधित बी ई/बी टेक |
| 11 | डिपो सामग्री अधीक्षक | 4200 | 6 | रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार संबंधित डिप्लोमा |
| 12 | कनिष्ठ सिस्टम प्रोग्रामर | 2800 | 5 | कंप्यूटर सायन्स / इलेक्ट्रॉनिक्स / कंप्यूटर एप्लीकेशन में तीन वर्षों का **(10 + 3** वर्ष**)** तकनीकी डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय (यूजीसी) **से 60%** अंकों के साथ बीएससी / बीसीए संगणक शास्त्र / इलेक्ट्रॉनिक्स/ टेलीकॉम/ संगणक एप्लीकेशन **(10 + 2 + 3** वर्ष**)** |

| अनु क्रमांक | श्रेणी का नाम | **छठे सी पी सी में ग्रेड पे** | सातवे सी पी सी **में** पे मैट्रिक्स स्तर | **ओपन मार्किट से भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** |
|---|---|---|---|---|
| 13 | सिस्टम प्रोग्रामर | 4200 | 6 | 1) शासकीय मान्यता प्राप्त बोर्ड से कंप्यूटर सायन्स / इलेक्ट्रॉनिक्स / कंप्यूटर एप्लीकेशन में कुल 70% मार्कस के साथ नियमित तीन (03) वर्ष (10+3) का तकनीकी डिप्लोमा और 2 वर्ष आय टी क्षेत्र का अनुभव और 2) एआयसीटीई **के किसी** भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से (अभियंता स्नातक (10+2+4 वर्ष) से 60% अंको के साथ कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अभियंता/ आई टी/ इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलीकम्युनिकेशनस/ कंप्यूटर एप्लीकेशन/ **इलेक्ट्रिकल** /मैकेनिकल / सिविल में 60% अंको के साथ नियमित अभियंता स्नातक (10+2+4 वर्ष)<br>3) मान्यता प्राप्त (यूजीसी) विश्वविद्यालय से **किसी भी शाखा से** नियमित स्नातक (10 + 2 + 3 वर्ष) **तथा** कंप्यूटर सायन्स में मास्टर ( एम् सी ए) या एम् सी एम् या एम् एस सी (आई टी) 65% अंको के साथ नियमित 2 वर्ष अवधि की मास्टर डिग्री |
| 14 | पूर्व -ग्रुप डी | 1800 | 1 | दसवीं पास |